दिन–सोमवार दिनांक– 22/07/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

संसद का बजट सत्र आज से शुरू हो गया है। केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन ने पहले दिन वित्तीय वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस का आर्थिक सर्वेक्षण लोकसभा में पेश किया। सर्वेक्षण में वित्त वर्ष 2024–25 के लिए सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर साढे छह से सात प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान लगाया गया है। कल श्रीमती सीतारामन लोकसभा में वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस का आम बजट प्रस्तुत करेंगी।

————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कल पेश किये जाने वाला बजट अमृतकाल का महत्वपूर्ण बजट होगा। उन्होंने कहा कि यह बजट सरकार के इस कार्यकाल के पांच वर्ष की दिशा तय करेगा और यह दो हजार सैंतालीस के विकसित भारत अभियान के सपने की नींव बनेगा। श्री मोदी आज सत्र की शुरूआत के पूर्व संसद से बाहर संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में देश की जनता ने फैसला दे दिया है और सभी राजनीतिक दलों को मिलकर अगले पांच वर्ष के लिए देश के लिए खडा होना चाहिए। श्री मोदी ने कथित रूप से नकारात्मक राजनीति करने के लिए विपक्षी दलों की आलोचना की है। प्रधानमंत्री ने राजनीतिक दलों से राजनीतिक एजेंडे के लिए नहीं बल्कि देश के लिए काम करने का आग्रह किया है।

————————————————————

केंद्र सरकार ने कहा है कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने का कोई प्रस्ताव नहीं है। लोक सभा में जदयू के सदस्य रामप्रीत मंडल के प्रश्न के उत्तर में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने आज कहा कि अंतर मंत्रालय समूह ने राष्ट्रीय विकास परिषद के मौजूदा मानदंडों के आधार पर इस प्रकार का दर्जा देने से इनकार किया

था। वर्ष 2012 में इस अंतर मंत्रालय समूह ने विशेष राज्य के दर्जा की मांगों पर विचार किया था।

———————————————————————

लोकसभा में आज नीट प्रश्नपत्र लीक मामले पर भी चर्चा हुई। एक प्रश्न का जवाब देते हुए शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा है कि नीट–यूजी पेपर लीक का देश भर में केवल एक मामला पटना में सामने आया है। उन्होंने कहा कि सीबीआई मामले की जांच कर रही है। इधर, सर्वोच्च न्यायालय में आज नीट परीक्षा रद्द करने को लेकर दायर याचिकाओं की सुनवाई की जा रही है।

———————————————————————

बिहार विधान मंडल के मानसून सत्र की आज से शुरुआत हो गई। विधान सभा की कार्यवाही के पहले दिन आज उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने चालू वित्त वर्ष के लिए सैंतालीस हजार पांच सौ बारह करोड़ रुपये से अधिक का प्रथम अनुपूरक बजट सदन में पेश किया। इसमें राज्य के लिए विभिन्न विकास परियोजनाओं के लिए धन राशि का प्रावधान किया गया है। मॉनसून सत्र के पहले दिन कार्यवाही की शुरूआत करते हुए अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने कहा कि चालू सत्र छोटा है लेकिन काफी महत्वपूर्ण है। अध्यक्ष ने सभी सदस्यों से सदन की कार्यवाही के सुचारू संचालन में सहयोग की अपील की है। विधानसभा अध्यक्ष ने रूपौली विधानसभा क्षेत्र से नव निर्वाचित निर्दलीय विधायक शंकर सिंह को सदन की सदस्यता की शपथ दिलाई। इसके बाद अध्यक्ष ने सत्र की कार्यवाही के संचालन के लिए अध्यासी सदस्यों का मनोनयन किया और नयी कार्यमंत्रणा समिति के गठन की भी घोषणा की। सदन में पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी और कई दिवंगत पूर्व सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

———————————————————————

विधान परिषद के कार्यकारी सभापति अवधेश नारायण सिंह ने आज सभापति पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और कई मंत्री तथा वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। गौरतलब है कि

देवेश चंद्र ठाकुर के लोक सभा सदस्य चुने जाने के बाद परिषद के सभापति का पद रिक्त है।

———————————————————————

वर्ष 2025 के लिए देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन 15 सितम्बर तक किये जा सकते हैं। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने कहा है कि पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और अनुशंसाएं राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर प्राप्त की जाएंगी। पद्म पुरस्कारों में पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री शामिल हैं। ये पुरस्कार 1954 में शुरू किये गये थे, जिनकी घोषणा हर वर्ष गणतंत्र दिवस पर की जाती है। पद्म पुरस्कार कला, साहित्य और शिक्षा, खेल, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरी, व्यापार तथा उद्योग के क्षेत्र में विशिष्ट और असाधारण कार्यों के लिए दिये जाते हैं। चिकित्सकों और वैज्ञानिकों को छोड़कर सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों सहित सरकारी कर्मचारी पद्म पुरस्कारों के लिए पात्र नहीं हैं।

———————————————————————

सावन के पवित्र महिने की आज से शुरूआत हो गई है। इसके साथ ही देवघर स्थित बाबा वैद्यनाथ धाम में भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए भक्तों का ताता लग गया। हजारों की संख्या में कावड़ियाँ सुल्तानगंज के गंगा घाट से जल उठाकर बाबा धाम के लिए कांवड़ यात्रा पर निकल रहे है। इधर, पहली सोमवारी के दिन प्रदेश के प्रसिद्ध शिवालयों और मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमर रही है।

———————————————————————

समाप्त